------------------------------------------------------------------------------------------------

## प्रेस विज्ञप्ति

### 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक मण्डल ने 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए बैंक के लेखों का आज अनुमोदन किया है.

### वित्तीय वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के मुख्य बिन्दु

1. **सशक्त वित्तीय कार्यनिष्पादन:**
   वित्तीय वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के दौरान बैंक के निवल लाभ में वर्ष दर वर्ष आधार पर **28.24%** की वृद्धि हुई है. वित्तीय वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के दौरान बैंक के गैर-ब्याज आय में वर्ष दर वर्ष आधार पर **17.02%** की वृद्धि हुई है.
2. **बैंक ने सशक्त देयता अंश दर्शाना जारी रखा है**
   वैश्विक जमाराशि में वर्ष दर वर्ष **3.76%** की वृद्धि हुई है. 31 दिसंबर, 2024 तक बैंक के पास कुल जमाराशि आधार **₹12,16,562** करोड़ है.
3. **कारोबार संवृद्धि में गति**
   बैंक के कुल कारोबार में वर्ष दर वर्ष **4.70%** की वृद्धि हुई है, जिसमें सकल अग्रिमों में वर्ष दर वर्ष आधार पर **5.94%** की वृद्धि हुई है और कुल जमाराशि में वर्ष दर वर्ष आधार पर **3.76%** की वृद्धि हुई है. 31 दिसंबर, 2024 तक बैंक का कुल कारोबार **₹ 21,65,726** करोड़ है.
4. **रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई (रैम) क्षेत्र में संवृद्धि**
   बैंक के रैम क्षेत्र में वर्ष दर वर्ष आधार पर **9.26%** की वृद्धि हुई है, जहां वर्ष दर वर्ष आधार पर रिटेल में **16.36%** की वृद्धि, कृषि में **4.34%** और एमएसएमई अग्रिमों में **6.34%** की की वृद्धि हुई है. घरेलू अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में, रैम अग्रिम **56.69%** है.
5. **एनपीए में कमी: -**
   31 दिसंबर, 2024 को कुल एनपीए (%) वर्ष दर वर्ष आधार पर 98 बीपीएस की सुधार के साथ 3.85% रहा तथा निवल एनपीए (%) वर्ष दर वर्ष आधार पर 26 बीपीएस की सुधार के साथ **0.82%** रहा है.
6. **सशक्त पूंजी अनुपात**
   31 दिसंबर, 2023 को सीआरएआर **15.03%** के सापेक्ष दिनांक 31 दिसंबर, 2024 को सुधार के साथ **16.72%** रहा. सीईटी 1 अनुपात दिनांक 31 दिसंबर, 2023 के **11.71%** के सापेक्ष 31 दिसंबर, 2024 को सुधार के साथ **13.59%** रहा.
7. **प्रतिलाभ में सुधार:**
   वित्तीय वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के दौरान बैंक का आस्तियों पर प्रतिलाभ वर्ष दर वर्ष आधार पर 23 बीपीएस की सुधार के साथ **1.30%** एवं इक्विटी पर प्रतिलाभ वर्ष दर वर्ष आधार पर 50 बीपीएस की सुधार के साथ **17.75%** रहा.

### परिणाम की मुख्य विशेषताएँ

| ₹ करोड़ में | दिसंबर 2023 (3 माह) | सितंबर 2024 (3 माह) | दिसंबर 2024 (3 माह) | वर्ष दर वर्ष% | तिमाही दर तिमाही % | दिसंबर -2023 (9 माह) | दिसंबर-2024 (9 माह) | वर्ष दर वर्ष% |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्याज आय | 25,363 | 26,708 | 26,958 | 6.29 | 0.93 | 73,428 | 80,031 | 8.99 |
| ब्याज व्यय | 16,195 | 17,661 | 17,718 | 9.40 | 0.32 | 46,294 | 52,331 | 13.04 |
| शुद्ध ब्याज आय | 9,168 | 9,047 | 9,240 | 0.79 | 2.13 | 27,134 | 27,700 | 2.09 |
| गैर-ब्याज आय | 3,774 | 5,328 | 4,417 | 17.02 | -17.11 | 11,373 | 14,254 | 25.33 |
| एनआईएम % | 3.08 | 2.90 | 2.91 | -17 bps | 1 bps | 3.10 | 2.94 | -16 bps |
| परिचालन लाभ | 7,278 | 8,113 | 7,492 | 2.94 | -7.65 | 21,678 | 23,390 | 7.90 |
| कुल प्रावधान | 3,688 | 3,393 | 2,888 | -21.68 | -14.88 | 11,340 | 10,388 | -8.40 |
| कर के पश्चात लाभ | 3,590 | 4,720 | 4,604 | 28.24 | -2.46 | 10,338 | 13,002 | 25.77 |

भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, 'दंडस्वरूप ब्याज' को 'दंडात्मक प्रभार' के रूप में माना जाएगा। यह अब ब्याज आय के बजाय ब्याजेतर आय का हिस्सा बनेगा। इसका प्रभाव शुद्ध ब्याज मार्जिन (NIM) पर क्रमशः **10 bps (Q3FY25)** और **7 bps (9MFY25)** की कमी के रूप में स्पष्ट है।

| ₹ (करोड़ में) | दिसंबर-23 | सितंबर -24 | दिसंबर-24 | वर्ष दर वर्ष% | तिमाही दर तिमाही % |
|---|---|---|---|---|---|
| **तुलन पत्र** | | | | | |
| वैश्विक अग्रिम | 8,95,974 | 9,28,832 | 9,49,164 | 5.94 | 2.19 |
| *घरेलू अग्रिम* | *8,66,689* | *8,94,404* | *9,12,927* | *5.34* | *2.07* |
| *जिसमें से रिटेल* | *1,73,445* | *1,92,375* | *2,01,812* | *16.36* | *4.91* |
| *कृषि* | *1,77,583* | *1,91,913* | *1,85,284* | *4.34* | *-3.45* |
| *एमएसएमई* | *1,22,655* | *1,26,745* | *1,30,437* | *6.34* | *2.91* |
| *रैम अग्रिम* | *4,73,683* | *5,11,033* | *5,17,533* | *9.26* | *1.27* |
| जमाराशि | 11,72,455 | 12,41,947 | 12,16,562 | 3.76 | -2.04 |
| *जिसमें से कासा* | *3,97,107* | *3,96,295* | *3,95,328* | *-0.45* | *-0.24* |
| *रिटेल मियादी जमाराशि* | *4,46,705* | *4,78,114* | *4,82,830* | *8.09* | *0.99* |
| *कासा अनुपात (%)- घरेलू* | *34.40* | *32.72* | *33.43* | *-97 bps* | *71 bps* |
| जीएनपीए | 43,262 | 40,499 | 36,554 | -15.51 | -9.74 |
| एनएनपीए | 9,351 | 8,759 | 7,568 | -19.07 | -13.60 |

| अनुपात (%) | दिसंबर-23 | सितंबर -24 | दिसंबर-24 | वर्ष दर वर्ष बीपीएस | तिमाही दर तिमाही बीपीएस |
|---|---|---|---|---|---|
| **आस्ति गुणवत्ता** | | | | | |
| जीएनपीए | 4.83 | 4.36 | 3.85 | -98 | -51 |
| एनएनपीए | 1.08 | 0.98 | 0.82 | -26 | -16 |
| पीसीआर | 92.54 | 92.79 | 93.42 | 88 | 63 |
| टीपीसीआर | 78.38 | 78.37 | 79.30 | 92 | 93 |
| क्रेडिट लागत | 0.56 | 1.09 | 0.63 | 7 | -46 |
| | | | | | |
| सीईटी-1 अनुपात | 11.71 | 13.88 | 13.59 | 188 | -29 |
| टियर-1 अनुपात | 13.05 | 15.23 | 14.89 | 184 | -34 |
| सीआरएआर | 15.03 | 17.13 | 16.72 | 169 | -41 |

**नेटवर्क:**

- **8,574 शाखाएँ, विदेशी शाखाओं सहित**
- **9,087 एटीएम**
- **23,114 बीसी पॉइंट्स**
- **135 एमएलपी (एमएसएमई ऋण केंद्र)**
- **137 आरएलपी (रिटेल ऋण केंद्र)**
- **54 एएलपी ( कृषि ऋण केंद्र )**
- **106 यूनियन एमएसएमई फ़र्स्ट शाखाएं**
- **1,685 गोल्ड ऋण केंद्र**
- **16 लार्ज कॉर्पोरेट शाखाएं एवं 37 मिड कॉर्पोरेट शाखाएं**
- **6 एसएएमबी एवं 30 एआरबी**

**वित्तीय समावेशन योजनाएं:**

सरकार समर्थित योजनाएं जैसे पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, पीएमजेडीवाई और एपीवाई के माध्यम से भारत सरकार द्वारा शुरू की गई वित्तीय समावेशन योजनाओं का उद्देश्य बाधाओं को समाप्त करना और समाज के निम्न आय वर्ग को आर्थिक मूल्य वाली वित्तीय सेवाओं को प्रदान करना है.

- **प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई):**
  यह एक सरकार समर्थित जीवन बीमा योजना है जिसमें 31 दिसंबर, 2024 की समाप्त तिमाही में बैंक द्वारा **4.40** लाख नए नामांकन किए गए हैं.

- **प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई):**
  यह एक सरकार समर्थित दुर्घटना बीमा योजना है, जिसमें 31 दिसंबर, 2024 की समाप्त तिमाही में बैंक द्वारा **15.99** लाख नए नामांकन किए गए हैं.

- **प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई):**
  हमारे बैंक ने 31 दिसंबर, 2024 तक पीएमजेडीवाई योजना के अंतर्गत **₹11,637** करोड़ की राशि के कुल 3.14 करोड़ खाते खोले हैं. 31 दिसंबर, 2023 तक **₹9,604** करोड़ की राशि के कुल **2.88** करोड़ खाते खोले गए थे.

- **अटल पेंशन योजना (एपीवाई):**
  एपीवाई एक पेंशन योजना है, जो मुख्य रूप से असंगठित क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों पर लक्षित है तथा 31 दिसंबर, 2024 की समाप्त तिमाही में बैंक द्वारा **1.66** लाख नए नामांकन किए गए हैं.

- **महिला उद्यमियों के लिए यूनियन नारी शक्ति:**
  वित्तीय वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के दौरान **₹598** करोड़ के **4,242** आवेदन मंजूर किए गए.

- **हरित पहल की ओर ऋण सुविधा: -**
  1) **नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र: -** 31 दिसंबर, 2024 तक ₹ **27,269** करोड़ की ऋण राशि मंजूर की गई.
  2) **यूनियन ग्रीन माइल्स: -** 31 दिसंबर, 2024 तक ₹ **645** करोड़ की ऋण राशि मंजूर की गई.

**दिनांक: 27 जनवरी, 2025**
**स्थान: मुंबई**

प्रेस प्रकाशनी